दिनांकः 15.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर मैट्रो के विस्तार के काम को जल्द शुरू किये जाने की बात कही हैं मुख्य सचिव ने आज जयपुर में छोटी चौपड़ मैट्रो स्टेशन का जायज़ा लियां इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने मैट्रो को आधुनिक आवागमन का सुविधाजनक साधन बतायां

....

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि प्रदेश में अब अनार, अंजीर और खजूर जैसे फलों की बेहतरीन पैदावार हो रही हैं इससे राजस्थान को नई पहचान मिली हैं श्री पटेल जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कल कृषि विज्ञान मेले में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि राजस्थान को पहले रेतीले और सूखे प्रदेश के रूप में जाना जाता था, किन्तु अब कृषि वैज्ञानिकों और काश्तकारों की मेहनत से यहां कई तरह के फलों की पैदावार हो रही हैं मरूधरा में विकसित कृषि और आत्मनिर्भर भारत थीम पर ये मेला लगाया गया, जिसमें सवा सौ से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से बीज, उर्वरकों, कीटनाशकों, कृषि स्टार्टअप्स और आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन किया गयां

....

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत कल राज्यभर में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुएं जल ग्रहण विकास और भू–संरक्षण विभाग के निदेशक मोहम्मद जुनैद ने बताया कि राज्यभर की ग्राम पंचायतों में हुए इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को जल और मृदा संरक्षण सहित खेती किसानी और कृषि आजीविका से जुडे विषयों पर जागरुक किया गयां उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में प्रत्येक परियोजना क्षेत्र में कम से कम पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने की कार्य योजना तैयार की गई हैं श्री जुनैद ने बताया कि कल 30 जिलों में 109 कार्यक्रमों के माध्यम से करीब साढे 5 हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया गयां

....

प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया गया हैं इसी कड़ी में कल नागौर जिले के खींवसर में पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए 10 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत की मशीनें और 16 वाहन जब्त कियें पुलिस ने अवैध खनन में लगे 16 आरोपियों को भी गिरफ्तार कियां

....

भारतीय सेना की सिग्नल्स कोर का आज 116वां स्थापना दिवस हैं ये सेना की युद्ध सहायता शाखा है, जो सैन्य संचार के लिए ज़िम्मेदार हैं ये कोर डिजिटल क्रांति के साथ कदम मिलाकर चलते हुए उन्नत आधुनिक तकनीकों से लैस हैं इस मौके पर आज झुंझुनूं में शहीद स्मारक पर विशेष कार्यक्रम रखा गयां इस दौरान पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं का सम्मान भी किया गयां

....

थार और मरू महोत्सव की तर्ज पर बालोतरा में अब मालाणी महोत्सव मनाया जाएगां उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई ने कल बालोतरा में एक प्रेस वार्ता में इसकी घोषणा कीं उन्होंने कहा कि इससे जिले की लोक कला और स्थानीय संस्कृति को बढावा मिलेगां

....

महाशिवरात्रि के पर्व पर आज शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा हैं शिवालयों में बम–बम बोले और हर हर महादेव के जयकारों की गूंज हैं महादेव के दर्शनों और अभिषेक के लिए शिव भक्तों की कतारें देखी जा रही हैं कई स्थानों पर मेले भी भर रहे हैं और समूचा माहौल भक्तिमय बना हुआ हैं डूंगरपुर के देव सोमनाथ और भुवनेश्वर सहित अन्य शिवालयों में आकर्षक सजावट की गई हैं बालोतरा के सिवाना के हलदेश्वर, सिणधरी के गोयणेश्वर और मलवा के मलवेश्वर मंदिर में भक्तों का

तांता लगा हुआ हैं झुंझुनूं के बावलिया की बगीची में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही हैं वहीं लावरेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम रखे गये हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं राष्ट्रपति ने अपने संदेश में भगवान शिव का आशीर्वाद सभी पर बने रहने की कामना की हैं वहीं सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने महादेव की कृपा से देश के सुख–समृद्धि की ऊंचाइयां छूने की प्रार्थना की हैं

....

प्रदेश में गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी हैं अधिकतर स्थानों पर तापमान में हुई बढ़ोतरी से मौसम में बदलाव आया है और दिन के समय हल्की गर्मी का अहसास होने लगा हैं बीते 24 घंटों में 11 जिलों में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआं इस बीच, मौसम विभाग ने 17 फरवरी से मौसम बदलने की संभावना जताई हैं एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जयपुर और बीकानेर संभाग में कई इलाकों में बादल छाये रहने और कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं

....